राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर
(जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, जयपुर)

क्रमांकःप.1(क)(057)कार्मिक/आर.एम.एस./डी.एल.बी/13/1368 दिनांक : 20-2-17

सुश्री शमीम,
अधिशाषी अधिकारी,
नगर पालिका,
बीदासर।

विषय : स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भ में लेख है कि माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग द्वारा दिनांक 17.02.17 को बीकानेर सम्भाग की निकायों में विभाग के अन्तर्गत चल रहे कार्य की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर सभागार, बीकानेर में ली गई थी। जिसमें बीकानेर सम्भाग के समस्त आयुक्त/अधिशाषी अधिकारियों को भाग लेना था, परन्तु आप द्वारा उक्त बैठक में भाग नही लिया। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष, नगर पालिका, बीदासर द्वारा भी आपके बार–बार अवकाश पर रहने, मुख्यालय पर नही रहने तथा नगर पालिका के कार्यो में रूचि नही लेने के बारे में बताया।

अतः इस सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता को 15 दिवस में प्रस्तुत करें, अन्यथा आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी। जिसके लिए आप स्वयं व्यक्तिशः जिम्मेदार होगी।

(मुकेश कुमार मीणा)
अतिरिक्त निदेशक